तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, सोमवार 23 दिसंबर 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 एसपी ने दिखाए तेवर, बदमाशों की ली क्लास, मुर्गा बनाकर ...



12 बंगाल के आलू से तौबा, उप्र-मप्र से माल मंगाना है ...



## खबर संक्षेप

### सूरजपुरा में लोकार्पण समारोह कल, सांसद बघेल होंगे शामिल

**बेरला।** विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण समारोह ग्राम पंचायत सूरजपुरा में 24 दिसम्बर को रखा गया है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यअतिथि दुर्ग सांसद विजय बघेल 42 लाख की लागत से बने सांस्कृतिक मंच व सीसी रोड निर्माण कार्य का लोकार्पण करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दीपेश साहू विधायक करेंगे। विशिष्ट अतिथि अवधेश सिंह चन्देल पूर्व विधायक, प्रीतम सिंह चन्देल अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, यामिनी सुरेश वैष्णव उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, डोमेन्द्र सिंह राजपूत अध्यक्ष भाजपा मंडल बेरला, केशर राजेश सोरी सदस्य जनपद पंचायत बेरला, बलराम पटेल पूर्व मंडल अध्यक्ष भाजपा बेरला, सरपंच ग्राम पंचायत सुरुजपुरा, सचिव, पंच व भाजपा पदाधिकारी होंगे।



### टेंगना बरपारा में दो पक्षों में मारपीट, मामला दर्ज

**बालोद।** ग्राम टेंगना बरपारा में दो पक्ष के चार लोगों के बीच मारपीट हो गई। गुरुर थाने में दोनों पक्ष ने एक दूसरे के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में शुक्रवार को चार लोगों के खिलाफ धारा 115(2), 296, 3(5), 351(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है। ग्राम टेंगना बरपारा निवासी योगेश नेताम के अनुसार शुक्रवार को गांव की मड़ई थी। मेरे घर ग्राम उसरवारा, खर्रा से मेहमान आये थे, जो अपनी पहचान के भुनेश्वर निषाद के घर बैठने गये थे। जब मैं उन्हें बुलाने गया, तो वहां पर फगनु यादव एवं उसके लड़के का किसी के साथ विवाद हो रहा था, जिसे मना करने पर गाली देते हुए मारपीट की। वहीं, दूसरे पक्ष के राहुल यादव के अनुसार घर के सामने गली में योगेश नेताम पिता फगनु यादव से विवाद कर रहा था, जिसे मना किया तो गाली देते हुए मारपीट की। योगेश नेताम और उसके लड़के ने मुझे भी मारा है।

### ग्राम चिंगरी में महतारी वंदन सम्मेलन आज

**अंडा।** महिला एवं बाल विकास परियोजना दुर्ग ग्रामीण के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित महतारी वंदन योजना की सफलता के उपलक्ष्य में महतारी वंदन सम्मेलन रखा गया है। परियोजना अधिकारी उषा झा ने बताया कि कार्यक्रम 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे ग्राम चिंगरी में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में दुर्ग कलेक्टर, दुर्ग ग्रामीण विधायक, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद पंचायत अध्यक्ष व सभी जनपद सदस्य, सरपंच व अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

### ग्राम मोखा में क्रिकेट प्रतियोगिता 25 से

**गुरूर।** ग्राम मोखा गुण्डरापारा में 25 से 29 दिसंबर तक 5 दिवसीय ग्रामीण स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन आदर्श नवयुवा क्रिकेट क्लब द्वारा समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया है। समिति के अध्यक्ष टीकमचंद सिन्हा उपाध्यक्ष कमलेश गंजीर ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15000, द्वितीय पुरस्कार 10000, तृतीय पुरस्कार 6000 रूपये एवं चतुर्थ पुरस्कार 3000 रूपये रखा गया है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि रात में पेट्रोलिंग और संदिग्धों की चेकिंग अभियान के तहत स्कुटी सीजी-07 सी.ई 3363 को रोका गया। चेक करने पर स्कुटी में पीले रंग की बोरी में 300 पौव्वा देशी प्लेन शराब मिला।

# स्वच्छता के नाम पर लाखों खर्च, फिर भी बजबजाती नालियों से नहीं मिली मुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/कोदवा

जनपद पंचायत साजा अंतर्गत परपोड़ी क्षेत्र के पंचायत चेचानमेटा में लम्बे अरसे से अस्वच्छता एवं गन्दगी का आलम देखने को मिल रहा है। इसके कारण ग्रामवासियों में स्थानीय पंचायत प्रशासन के प्रति काफी असन्तोष पनप रहा है।

दरअसल इस पँचायत में विकास एवं निर्माण के नाम पर लाखों रुपये राशि हाल के वर्षों में खर्च की गई है। उसके बावजूद गाँव के आमजनों को अपनी बुनियादी मूलभूत सुविधाओं के लिए तरसना पड़ रहा है, जो स्थानीय पंचायत प्रशासन की सक्रियता एवं विश्वसनीयता पर सवाल खड़े कर रहा है। सीमावर्ती इलाके में स्थित इस चेचानमेटा गाँव में स्वच्छता एवं सफाई की बात की जाए तो बस्तियों में नाली-निकासी की व्यवस्था सड़कों पर खुलेआम गन्दा पानी बह रहा है। वहीं, इस गंदे पानी से होकर स्थानीय ग्रामीणों को आवागमन करना पड़ रहा है। वहीं, गाँव भर में अधिकांश जगह ऐसी स्थिति होने पर भी गन्दगी व अस्वच्छता का उचित ढंग से मूलभूत व्यवस्था स्थानीय पँचायत प्रशासन द्वारा नहीं कराये जाने से सरपँच-सचिव के प्रति ग्रामजनों में रोष व नाराजगी उत्पन्न हो रही है।

### ग्राम पंचायत चेचानमेटा में गंदगी का आलम



#### विकास के नाम सिर्फ खानापूर्ति

आम लोगों का कहना है, कि विगत 5 साल तक गाँव में विकास के नाम सिर्फ खानापूर्ति की गई है, लिहाजा आज आम नागरिकों को स्वच्छता सरीखे मूलभूत सुविधाओं के लिए जद्दोजहद करनी पड़ रही है। देखा जाय तो फिलहाल गाँव के पवित्र स्थल जैतखाम से लेकर शीतला मंदिर व तालाब के इर्द गिर्द भी बहते नाली के दूषित पानी से गाँव की स्वच्छता व्यवस्था की परिक्षेत्र में खूब फजीहत हो रही है। जबकि गौर करने लायक बात है कि गाँवों में स्वच्छता के प्रति ज़िला पँचायत प्रशासन एवं सीईओ टेखचन्द अग्रवाल का कहना है कि पंचायतों में मूलभूत कार्य के हर साल जरुरत के मुताबिक बड़ी राशि स्थानीय पँचायत प्रशासन को जनपद के माध्यम से वितरित की जाती है। किन्तु इस कार्य में स्थानीय पंचायत प्रशासन की मनमानी चलती है, जिसके कारण आम लोगों को बुनियादी सुविधाओं के लिए तरसना पड़ता है।

## राजधानी रायपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय ने किया सम्मानित

# कायाकल्प कार्यक्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी को राज्यस्तर पर मिला प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी को कायाकल्प अन्तर्गत राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इसके लिए राजधानी रायपुर में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। यह उपलब्धि प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के फलस्वरूप राज्य सरकार द्वारा प्रदान किया गया है। कायाकल्प में प्रदेश स्तर पर दुर्ग संभाग से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुसमी प्रथम स्थान प्राप्त होने पर जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा एवं सीएमएचओ डॉ यशवंत कुमार ध्रुव ने स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। इसके साथ ही लोगों को लगातार बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया।

- कायाकल्प कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुसमी को मिले 98 .9 प्रतिशत अंक

उल्लेखनीय है कि कायाकल्प कार्यक्रम वित्तीय वर्ष 2023-24 में इस संस्था ने 98.9 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं राज्य स्तरीय सम्मान समारोह के लिए नामांकित किया गया। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ऑडिटोरियम पं. जवाहर लाल नेहरू स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय रायपुर में कायाकल्प राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह अयोजित किया गया था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री अरूण साव, विजय शर्मा, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, मंत्री केदार कश्यप, विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल साहू, पुरन्दर मिश्रा, सुनील सोनी, अनुज शर्मा, गुरू खुशवंत साहेब एवं इंद्र कुमार साहू की उपस्थिति में संस्था को कायाकल्प अन्तर्गत राज्य स्तरीय पुरस्कार प्रदानकर सम्मानित किया गया।

### प्रदेश स्तर पर मिला प्रथम स्थान

#### स्वास्थ्य सेवाओं के 8 अलग-अलग मानकों के आधार पर किया गया मूल्यांकन

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यशवंत कुमार ध्रुव ने बताया कि कायाकल्प अन्तर्गत निर्धारित की गई स्वास्थ्य सेवाओं के 8 अलग-अलग मानकों के आधार पर मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में सभी स्वास्थ्य सेवाएं उपयुक्त पाए जाने पर उक्त पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। राज्य स्तर पर पुरस्कार मिलने से स्वास्थ्य विभाग की टीम में उत्साह का संचार हुआ है और क्षेत्र की जनता को इसी प्रकार निरंतर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित हुए हैं।





#### संस्था प्रभारी चिंताराम ने जताई प्रसन्नता, अधिकारी-कर्मचारियों को दिया श्रेय

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कुसमी को राज्य स्तरीय कायाकल्प पुरस्कार मिलने पर संस्था प्रभारी चिंताराम साहू ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि यह सब अस्पताल में कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों आरएमए सुमित मिश्रा, नेत्र सहायक अधिकारी मुकेश टंडन, स्टाफ नर्स महेत्रीन विन्ध्यराज, पदमनी वर्मा, ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक गगन साहू, हेमेश्वरी वर्मा, फार्मासिस्ट प्रतिमा जोशी, लैब टेक्नीशिन दुर्गा टोन्ड्रे, कनिष्ठ सचिवीय सहायक रवेश कुमार साहू, सहायक ग्रेड-03 गीता गहरवार, आयुष्मान ऑपरेटर राधेश्याम साहू एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी पूजा निषाद, सुशीला यादव, रिंकु साहू के कार्य के प्रति लगन का परिणाम है कि यह उपलब्धि प्राप्त हुई है।

## ओवरलोड वाहनों से भिम्भौरी क्षेत्र की सड़कें जर्जर, मरम्मत नहीं



**बेमेतरा/बेरला।** जिले के भिम्भौरी क्षेत्र में परिवहन के नियम, मापदण्ड एवं कायदे कानून को ठेंगा दिखाकर बड़ी संख्या में बिल्डिंग मटेरियल की सप्लाई ओवरलोड वाहनों से की जा रही है। वहीं, जिम्मेदार आरटीओ विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही या अनदेखी या फिर जानबूझकर दी जा रही छूट से इलाके में ओवरलोड वाहनों के गुजरने से ग्रामीण क्षेत्र की सुन्दर एवं व्यवस्थित सड़कों की दशा-दिशा दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है।

- जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्रवाई नहीं किए जाने से अंचल के नागरिकों की बढ़ी समस्या

बेमेतरा ज़िला एवं बेरला ब्लॉक अंतर्गत भिम्भौरी क्षेत्र राजधानी रायपुर से काफी करीब है एवं इस इलाके के अहम होने से अन्तर्ज़िला परिवहन होना आम बात है। लिहाजा इन दिनों ओवरलोड वाहनों की लगातार आवाजाही ग्रामीण सड़कों से हो रही है। इनमें फ्लाईऐश, मुरुम, मिट्टी, बजरी, रेत जैसे बिल्डिंग मटेरियल को वाहनों में परिवहन विभाग के नियम नीतियों की धज्जियां उड़ाते हुए ले जाया जा रहा है। वहीं, नियम विरूद्ध किए जा रहे ओवरलोड परिवहन पर कार्यवाही के लिए जिम्मेदार आरटीओ दुर्ग के सम्भागीय उड़नदस्ता की टीम अपनी निष्क्रियता एवं उदासीनता का परिचय देते हुए मात्र औपचारिक कार्यवाही कर रही है। इस तरह खानापूर्ति के लिए की जा रही कार्रवाई से इन गतिविधि पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इससे सड़कों की दुर्दशा से ग्रामीणों में आक्रोश है। इस सम्बंध में सम्भागीय फ़्लाइंग आरटीओ दुर्ग के प्रभारी निरीक्षक विष्णु ठाकुर से बात करने पर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में सिर्फ दिखवाता हूं कहकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली।अब देखने वाली बात यह होगी, कि वे कब दिखवाते हैं और इन पर क्या कार्रवाई होती है।

# सरदा में धान संग्रहण व खरीदी केंद्र मार्ग पर वाहनों की लग रही लंबी कतार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

धान संग्रहण केन्द्र सरदा में परिवहन के लिए बड़ी संख्या में वाहनों की कतारें देखने को मिल रही है। संग्रहण केन्द्र एवं स्थानीय धान उपार्जन केन्द्र सरदा के लिए एक ही मार्ग होने पर किसानों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। फिलहाल क्षेत्र में धान खरीदी का दौर चल रहा है, जो परिवहन के अभाव में फिलहाल सोसायटी में धान खरीदी प्रक्रिया बन्द की कगार पर है, जिससे किसानों में अपने धान बेचने के लिए होड़ है। वहीं, इसी बीच संग्रहण केंद्र व खरीदी केंद्र का मार्ग एक ही ओर होने से किसानों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सड़क पर धूल का गुबार उड़ रहा है। वहीं, वाहनों की लंबी लम्बी कतारों से खरीदी केंद्र के वाहनों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

घटनास्थल के पास स्थित ब्यारा से मोटर साइकिल चुराकर पहुंच गया घर

# पिकअप चोरी कर ले जा रहा था आरोपी पलट गया तो गुस्से में आकर लगा दी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पिकअप वाहन व मोटर सायकल की चोरी की रिपोर्ट पर महज 24 घंटे के भीतर थाना साजा पुलिस ने आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। आरोपी पर अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

- साजा पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद 24 घंटे के पहले आरोपी को किया गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी गोविन्दा निर्मलकर वार्ड नंबर 09 साजा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 20 दिसंबर सुबह 07 बजे अपने महिन्द्र पीकप वाहन कमांक सीजी 07 सीए 8478 में वार्ड नंबर 03 साजा से शासकीय दलिया बोरी को लोड कर ग्राम करही, कजरा, जगन्नाथपुर, मोहगांव के आंगनबाड़ी के केन्द्र छोड़कर रात्रि करीबन 08 बजे वापस आकर अपने वाहन को प्रतिदिन की तरह रात्रि में साजा रेस्ट हाउस के बाजू में खड़ा कर अपने घर चला गया था। 21 दिसंबर की सुबह 06 बजे रेस्ट हाउस साजा के पास आकर देखा तो महिन्द्र पीकप वाहन कमांक सीजी 07 सीए 8478 वहां पर नहीं था। असापास में पता किया, तो कोई पता नहीं चला, उक्त पीकप वाहन को कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया। जिस पर धारा 303 (2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में अज्ञात आरोपी की पतासाजी के दौरान मुखबिर से सूचना पर संदेही देवेन्द्र साहू वार्ड नंबर 04 भरतपुर साजा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर पता चला कि वह रात्रि करीब 12/30 बजे पैदल घर जाने के निकला था। रेस्ट हाउस साजा के पास पहुंचा तो वहां खड़ी पीकप वाहन क्रमांक सीजी 07 सीए 8478 को अपने पास में रखे चाबी से चालू कर चोरी कर फरार हो गया।



#### हड़बड़ी में पलट गई पिकअप, गुस्से में आरोपी ने लगा दी आग

आरोपी देवेन्द्र साहू ने वाहन चोरी कर स्वयं चलाते हुए ग्राम भरतपुर, कजरा, लालपुर, भनौरा, ठेलका खपरी के पास पहुंचा, तभी वाहन पलट गया। इससे गुस्से में आकर उक्त वाहन के डीजल टैंक से डीजल निकाल कर वाहन के पीछे तरफ छिड़ककर माचिस मारकर आग लगा दी। उसके बाद आरोपी ने उसे कोई न देख ले, यह सोचकर पास के ब्यारा में खड़ी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 25 सी 5589 चोरी कर उससे अपने घर आ गया। फिर सुबह उठकर उक्त मोटर सायकल को तेन्दूभाठा तालाब पास आकर तालाब के मेड़ पर ले जाकर झाड़ियों के बीच में छुपा दिया। पुलिस ने प्रकरण में पृथक से धारा 324 (5) जोड़ी। आरोपी देवेन्द्र साहू की निशानदेही पर दोनों वाहन बरामद कर लिया गया। उक्त कार्रवाई में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक चंद्रदेव वर्मा, प्रधान आरक्षक विजेन्द्र सिंह, आरक्षक रामानुज जायसवाल, गोलूराम पटेल, राजू यादव, अर्जुन ध्रुव एवं अन्य स्टाफ शामिल रहे।

## समता साहित्य अकादमी इंडिया ने लाइफटाइम अचीवमेंट अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड से किया सम्मानित

# साहित्यकार व रंगकर्मी डॉ.गोकुल को मुंबई में मिला अंतरष्ट्रीय अवॉर्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

देश के महानगर मुंबई अंतर्गत सिद्धि विनायक मंदिर वीर सावरकर मार्ग प्रभादेवी कोहिनूर हाल मुंबई महाराष्ट्र में समता साहित्य अकादमी इंडिया द्वारा राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से जिले के राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त सेवानिवृत्त शिक्षक व साहित्यकार, रंगकर्मी कलाकार डॉ. गोकुल बंजारे को लाइफटाइम अचीवमेंट अंतर्राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

- रंगकर्मी नरोत्तम लाल साहू को शिक्षा रत्न समता राष्ट्रीय अवार्ड से किया गया सम्मानित

वहीं, जिले उत्कृष्ट शिक्षक व रंगकर्मी नरोत्तम लाल साहू को शिक्षा रत्न समता राष्ट्रीय अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह उपाधि इन्हें इनके द्वारा किए गए समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी कार्य करने और सृजनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए शिक्षा, साहित्य, लोककला, खेलकूद, नशाबंदी, ग्राम उत्थान, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संस्कृति एवं व्यक्तित्व विकास की आवश्यकताओं में योगदान करने के साथ-साथ श्रेष्ठ भूमिका का परिचय देने के फलस्वरूप प्रदान किया गया है। उक्त सम्मान समारोह कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक राव माने विधायक हाथकंगले कोल्हापुर महाराष्ट्र, विशिष्ट अतिथि नीतिन तायडे क्राइम ब्रांच मुंबई, सीएसटी, फिल्म अभिनेता अर्जुन यादव मुंबई, डॉ.मुकेश सहगल वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक एनसीआईपी एम नयी दिल्ली, डॉ. संदेश सिरसाठ बेंच आफ मजिस्ट्रेट मुंबई, राष्ट्रीय अध्यक्ष समता साहित्य अकादमी इंडिया डॉ.देवानन्द टाण्डेकर ने अवार्ड प्रदानकर सम्मानित किया।



#### स्वरचित छत्तीसगढ़ी कविताओं की दी प्रस्तुति

अवार्ड प्राप्ति के बाद श्री बंजारे ने छत्तीसगढ़ की महत्ता बताते हुए अपनी स्वरचित छत्तीसगढ़ी कविताओं का रसास्वादन कराया। कार्यक्रम का संचालन वैभव कुमार निमकर अमरावती ने व आभार व्यक्त श्रीमती टाण्डेकर ने किया। इस अवसर पर दीपक आचार्य, रघुनंदन यादव, मुकेश पात्रे, सविता पात्रे, कांति प्रभा बंजारे, चंद्रलाल सोनवाने इंजिनियर, अनीता सोनवाने व्याख्याता, कु.अनन्या,शिवांस सोनवाने,अंश,आशी, सहित अन्य साहित्यकार गीतकार एवं कवि मौजूद रहे।

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

